उत्तराखण्ड शासन

संस्कृति निदेशालय, उत्तराखण्ड।

कलाकृतियों की खरीद हेतु सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संस्कृति विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा गढ़वाल क्षेत्र की पारम्परिक शैली एवं लोक जीवन पर आधारित लोक सांस्कृतिक विरासत एवं महापुरूषों से सम्बन्धित स्मृतियों के संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु जनपद पौड़ी में पेशावर काण्ड के महानायक वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली जी के नाम पर संग्रहालय का निर्माण किया जा रहा है।

इस संग्रहालय में 100 वर्ष या उससे प्राचीन प्रदर्शन योग्य कलाकृतियों, प्रस्तर मूर्तियों, धातु मूर्तियों, प्राचीन सिक्कों, ताम्र पात्रों, इस क्षेत्र में प्रचलित वाद्य यन्त्रों, लोक कला कृतियों तथा कला सामग्रियों एवं महापुरूषों की स्मृतियों से जुड़ी सामग्री को क्रय किये जाने की योजना है।

उपरोक्त सामग्री बेचने की इच्छुक पंजीकृत फर्म अथवा निजी संग्रहकर्ता अथवा संस्था जिसके पास उपर्युक्त लिखित वस्तुएं उपलब्ध हों, और वे उन्हें संग्रहालय को बेचने के इच्छुक हों, तो कृपया निम्न प्रारूप पर अपना ऑफर निदेशक, संस्कृति निदेशालय, एम0डी0डी0ए0 कालोनी, चन्दर रोड़, डालनवाला, देहरादून को इस सूचना के प्रकाशित होने के 15 दिन के अन्दर भेजने का कष्ट करें, ताकि राज्य स्तर पर गठित समिति उपरोक्त वस्तुओं को क्रय करने का निर्णय ले सके।

निदेशक, संस्कृति विभाग, उत्तराखण्ड।

क्र0सं0	कलाकृतियों, प्रस्तर मूर्तियों, मृण मूर्तियों, धातु मूर्तियों, ताम्र पात्रों, वाद्य यन्त्रों, लोक कला कृतियों एवं महापुरूषों से जुड़ी स्मृतियों से जुड़ी सामग्री का विवरण।	कालम संख्या वर्णित / वस्तुएं कितने वर्ष पुरानी हैं।	ऑफर देने वाली फर्म / संस्था / व्यक्ति के पास वस्तुएं कब से उपलब्ध हैं।	ऑफर देने वाली फर्म / संस्था / व्यक्ति के पास वस्तु / वस्तुएं किस स्रोत से प्राप्त हुई।	विक्रय हेतु अपेक्षित मूल्य
1	2	3	4	5	6

ह0 ऑफरकर्ता नाम
पिता का नाम
वर्तमान पता
दूरभाष नं0